**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–23 अक्टूबर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्र सरकार ने वनस्पति तेल उत्पाद, उत्पादन और उपलब्धता विनियमन आदेश, दो हजार ग्यारह में महत्वपूर्ण संशोधन को किया अधिसूचित। खाद्य तेल क्षेत्र में बेहतर विनियमन और पारदर्शिता लाने की राह हुई आसान।
- छठ पर्व पर पांच दिनों में एक हजार पांच सौ विशेष रेलगाड़ियां चलाएगा रेलवे। प्लेटफार्मों पर भीड़ नियंत्रण और यात्रियों की सुरक्षा पर है विशेष जोर।
- ऑनलाइन सट्टेबाजी और इससे जुड़े प्लेटफॉर्म पर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध लगाने से जुड़ी जनहित याचिका पर सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र सरकार से मांगी सहायता।
- प्रदेश भर में मनाया जा रहा है भाई–बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व भैया दूज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीं शुभकामनाएं।

**********

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने वनस्पति तेल उत्पाद, उत्पादन और उपलब्धता विनियमन आदेश, दो हजार ग्यारह–वीओपीपीए आदेश में महत्वपूर्ण संशोधन को अधिसूचित किया है। मंत्रालय ने बयान में कहा है कि संशोधित वीओपीपीए आदेश, दो हजार पचीस का उद्देश्य भारत में खाद्य तेल क्षेत्र में बेहतर नियामक निगरानी और पारदर्शिता लाना है। एक रिपोर्ट–

**संशोधित आदेश के अनुसार अब सभी खाद्य तेल निर्माताओं, प्रसंस्करणकर्ताओं, मिश्रणकर्ताओं और अन्य हितधारकों के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण करना और मासिक उत्पादन और टॉप रिटर्न जमा करना अनिवार्य है। उपभोक्ता मामले में मंत्रालय के अनुसार खाद्य तेल क्षेत्र में स्थित डेटा संग्रह, वास्तविक समय की निगरानी और बेहतर नीतिगत हस्तक्षेप सुनिश्चित करने के लिए नियम की ये वृद्धि एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्रालय ने कहा कि संशोधित आदेश का पालन न करने वालों और पंजीकरण कराने या रिटर्न जमा करने में विफल रहने वाली इकाइयों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि वह उपभोक्ता विभाग, गैर–अनुपालन इकाइयों के निरीक्षण और उसके सत्यापन करने के लिए जल्द ही एक अभियान शुरू करने पर विचार कर रहे हैं। इन जांचों का उद्देश्य अनुपालन की गंभीरता को सुदृढ़ करना और खाद्य तेल क्षेत्र के लिए राष्ट्र डेटा पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूत बनाए रखना है। आनंद कुमार के साथ दिलनशी आरजू आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता नियम – आईटी नियम दो हजार इक्कीस में संशोधन किया है। इसके लिए सूचना प्रौद्योगिकी मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता संशोधन नियम दो हजार पचीस अधिसूचित किए गए हैं। ये संशोधन सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम दो हजार के अंतर्गत मध्यस्थों के उचित परिश्रम संबंधी दायित्वों को मजबूत करते हैं।

**********

रेलवे छठ पर्व पर पाँच दिनों में एक हजार पांच सौ विशेष रेलगाडियां चलाएगा। ये रेलगाडियां नियमित रेल सेवाओं के अतिरिक्त चलाई जाएँगी। रेलवे इस वर्ष छठ सहित सभी त्योहारों पर आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मजबूत विशेष रेलगाड़ी सेवा चला रहा है। इसी क्रम में उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने त्योहारों के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन लखनऊ से चंडीगढ़ और लखनऊ से शकूरबस्ती के बीच चलाई जाएंगी। लखनऊ–चंडीगढ़ के बीच चलने वाली ट्रेन बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर और अंबाला कैंट होते हुए चंडीगढ़ पहुंचेगी। लखनऊ–शकूरबस्ती के बीच चलने वाली विशेष रेलगाड़ियों को शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, हजरत निजामुद्दीन और दिल्ली सफदरजंग में ठहराव दिया गया है। वहीं पूर्वोत्तर रेलवे भी पर्वों के मद्देनजर पूजा स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के रेल प्रबंधक आशीष जैन ने बताया कि यात्रियों की बढ़ती संख्या के अनुरूप रिकॉर्ड संख्या में विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

**भारतीय रेल, छठ और दिवाली जैसे महोत्सवों के लिए स्पेशल ट्रेन को चला रही है। बनारस, कोलकाता, थावे, पटना, मऊ से लोकमान्य तिलक टर्मिनस, मऊ से कोलकाता और ऐसी बहुत सारी ट्रेन और पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल से इनका परिचालन कर रहे हैं। इन ट्रेनों के अलावा भी बनारस, थावे, सिवान, छपरा और बहुत सारे स्टेशनों पर क्राउड मैनेजमेंट के लिए अस्थाई रूप से यात्री आश्रय बनाए गए है।**

पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने कल गोरखपुर में बताया कि त्योहारों के दौरान विभिन्न मंडलो से होकर दिल्ली, मुम्बई, पुणे, कोलकाता और अहमदाबाद जैसे कई प्रमुख शहरों के लिए लगभग एक सौ छियासी विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इस दौरान गोरखपुर रेलवे स्टेशन से होकर उनसठ विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्लेटफार्मों पर भीड़ को नियंत्रित करने, निगरानी और सुरक्षा के लिए भी व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

**गोरखपुर स्टेशन में पांच होल्डिंग एरिया बनाए हैं, जिसमें लगभग हम दो हजार यात्रियों को एक समय में होल्ड कर सकते हैं और इसी तरह से छपरा और बनारस स्टेशनों पर भी होल्डिंग एरियाज बनाए हैं। इसके अलावा हमने वार रूम्स बनाए हैं, जहां सारा सीसीटीवी का फीड भी हमलोगों को प्राप्त हो रहा है।**

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने ऑनलाइन सट्टेबाजी और इससे जुडे प्लेटफॉर्म पर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध लगाने से जुडी जनहित याचिका पर केन्द्र सरकार से सहायता मांगी है। याचिका में ई–स्पोर्ट्स या सोशल गेम्स जैसे प्लेटफॉर्म पर देश भर में रोक लगाए जाने की मांग की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि प्रमुख क्रिकेट खिलाडी और फिल्मी सितारे इस तरह के गैर–कानूनी खेलों का प्रचार कर रहे हैं, जिससे साइबर धोखाधड़ी, ऐसे गेम की लत और मानसिक स्वास्थ्य गड़बड़ी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

**********

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उत्सव की घोषणा की थी और यह बाइस सितंबर से शुरू हुआ था। स्वास्थ्य क्षेत्र में जीएसटी सुधारों के प्रभाव को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**सरकार ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में कर की दरों को घटाकर आम आदमी को बड़ी राहत दी है। नए जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली छत्तीस जीवन रक्षक दवाओं को कर मुक्त कर दिया है। इस कदम से मरीजों के इलाज की लागत कम हुई है और मध्यम तथा निम्न वर्गीय परिवारों को लाभ हो रहा है। इसी तरह गॉस, पट्टियां, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर तथा थर्मामीटर जैसे चिकित्सा उपकरणों पर भी कर की दरें 12ः से घटकर 5ः हो गई हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम को भी कर मुक्त कर दिया है जो पहले 18ः जीएसटी दर का हिस्सा थे। स्वास्थ्य सेवा में इस सुधार से प्रीमियम की कीमत कम हुई है और देश भर में बीमा कवरेज को बढ़ावा मिला है। नए जीएसटी के तहत लोगों के लिए चिकित्सा सेवाओं की लागत कम हुई है और देश भर में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत हो रही है। रोहन के साथ दिलनशी आरजू आकाशवाणी समाचार दिल्ली ।**

**********

आज भाई बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक पर्व भैया दूज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बहनें पूजा अर्चना कर भाईयों की लम्बी उम्र की कामना कर रही हैं। भैया दूज पर आज बड़ी संख्या भाई बहन एक साथ मथुरा के विश्राम घाट पर यमुना नदी में स्नान कर पूजा अर्चना कर रहे हैं। हमारे मथुरा प्रतिनिधि ने बताया कि वहां स्नान के लिए भारी संख्या में जुटी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए भैया दूज पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने पर्व के अवसर पर कामना की है कि यमुना मैया की कृपा से हर बहन का जीवन सुख, सौभाग्य और समृद्धि से आलोकित हो और हर भाई का जीवन साहस, सफलता तथा उज्ज्वल भविष्य के प्रकाश से जगमगाता रहे।

आज ही चित्रगुप्त पूजन दिवस भी है। इस अवसर पर कलम–दवात की पारम्परिक पूजा की जाती है। मुख्यमंत्री ने चित्रगुप्त पूजन दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए लोगों के लिए मंगलकामना की है।

**********

वाराणसी के रामनगर थाना क्षेत्र में भीटी टेंगरा मोड़ के पास कल एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दम्पति को टक्कर मार दी। इस हादसे में दम्पति और उनके एक वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। वाराणसी के सहायक पुलिस आयुक्त अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए गहरा शोक प्रकट किया है।

**********

मौसम विभाग ने तीन दिनों के भीतर प्रदेश के न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक गिरावट की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। विभाग द्वारा अट्ठाइस अक्टूबर तक प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी संभाग में मौसम के शुष्क रहने की संभावना भी व्यक्त की गई है।

**********